Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अप्रैल भाग-1
## 2024

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) ऊर्जा दक्षता और संरक्षण नीतियों व कार्यक्रमों को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार वैधानिक निकाय है।
   2. ECO निवास संहिता 2018 आवासीय भवनों के लिये ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा लॉन्च किया गया एक ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ECB-R) है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. **संपीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह एक प्राकृतिक गैस है जिसे उच्च दबाव में संपीड़ित किया गया है, जिससे यह ईंधन टैंक में कम मात्रा में रह सकती है।
   2. LPG के विपरीत, जो संपीड़ित प्रोपेन और ब्यूटेन का मिश्रण है, CNG में मुख्य रूप से गैसीय अवस्था में 80 से 90% मीथेन होता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. **केटामाइन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. केटामाइन एक विघटनकारी संवेदनाहारी है। डॉक्टर इसका उपयोग सामान्य एनेस्थीसिया प्रेरित करने के लिये करते हैं।
   2. केटामाइन के दुरुपयोग से मतिभ्रम, भ्रम, पृथक्करण जैसे हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं और उच्च खुराक में यह गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएँ उत्पन्न कर सकता है या मृत्यु भी हो सकती है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

4. **"T+0 ट्रेडिंग निपटान चक्र" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इस प्रणाली में विक्रेताओं को बिक्री के दिन उनकी 80% नकदी प्राप्त होती है, शेष 20% अगले दिन उपलब्ध होती है।
   2. यह दुनिया की सबसे तेज़ स्टॉक निपटान प्रणाली है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

5. **भोजेश्वर महादेव मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसमें एक ही पत्थर से बना हुआ विशाल लिंगम स्थापित है।
   2. इसका निर्माण 7वीं शताब्दी में नरसिंहवर्मन प्रथम द्वारा करवाया गया था।
   3. मंदिर की वास्तुकला भूमिजा शैली पर आधारित है जो इसके विशाल शिखर और अलंकृत नक्काशी तथा मूर्तियों की विशेषता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

6. **अफार ट्रायंगल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह पश्चिमी अफ्रीका में स्थित एक भौमिकी निम्न भूभाग है।
   2. यह न्युबियन, सोमाली और भारतीय प्लेटों के अभिसरण पर स्थित है।
   3. यह पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली का हिस्सा है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. वर्ष 2014 में, सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ के निर्णय में ट्रांसजेंडर लोगों को "थर्ड जेंडर" के रूप में मान्यता दी।
   2. वर्ष 2018 में, सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ मामले में समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करते हुए धारा 377 को रद्द कर दिया।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रांसजेंडर लोगों को "तीसरे लिंग" के रूप में मान्यता प्रदान की। (राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ, जिसे आमतौर पर NALSA निर्णय के नाम से जाना जाता है)।
   2. वर्ष 2018 में एक ऐतिहासिक निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने वाली धारा 377 को रद्द कर दिया। (नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ)।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

9. **भारत में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. अनुच्छेद 124(7) सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को भारत में किसी भी न्यायालय या प्राधिकरण के समक्ष प्रैक्टिस करने से रोकता है।
   2. अनुच्छेद 128 में कहा गया है **भारत के मुख्य न्यायाधीश,** राष्ट्रपति की सहमति से, सर्वोच्च न्यायालय की नियुक्ति के लिये योग्य **सर्वोच्च न्यायालय, संघीय न्यायालय** या **उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश** से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में बैठने एवं कार्य करने का अनुरोध कर सकते हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

10. **रिफ्टिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. रिफ्टिंग उस भूवैज्ञानिक प्रक्रिया को संदर्भित करता है जहाँ पृथ्वी का स्थलमंडल/लिथोस्फीयर (पृथ्वी की सबसे बाह्य परत) खिंचती और पतली होती है, जिससे रिफ्ट घाटियों अथवा बेसिनों का निर्माण होता है।
    2. यह प्रक्रिया आमतौर पर अपसारी प्लेट सीमाओं पर होती है जहाँ टेक्टोनिक प्लेटें एक दूसरे से दूर चली जाती हैं। जैसे-जैसे प्लेटें अलग होती जाती हैं, तनावग्रस्त ताकतें स्थलमंडल में दरार और टूटने का कारण बनती हैं, जिससे भ्रंश क्षेत्र की उत्पत्ति होती है।

    **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

11. **कच्चातिवु द्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**
    1. कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलडमरूमध्य में स्थित एक निर्जन द्वीप है।
    2. इस द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के परिणामस्वरूप हुआ था।

    **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

12. **दक्षिण चीन सागर के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**
    1. दक्षिण चीन सागर की सीमा उत्तर में चीन और ताइवान से, पश्चिम में भारत-चीनी प्रायद्वीप से, दक्षिण में इंडोनेशिया एवं ब्रुनेई से तथा पूर्व में फिलीपींस से लगती है।
    2. भारत का 70% से अधिक व्यापार दक्षिण चीन सागर और मलक्का जलसंधि के माध्यम से होता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**13. क्षय रोग (TB ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EndTB की वैश्विक योजना 2050 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में TB को समाप्त करने की एक योजना है।
2. डेलामानिड एक नई दवा है जिसका उपयोग मल्टीड्रग-प्रतिरोधी TB (MDR-TB) के उपचार में किया जाता है और अक्सर अन्य दवाओं के साथ संयोजन में उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**14. भारत में इंटरनेट शटडाउन से संबंधित प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 सार्वजनिक आपातकाल की स्थिति में इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करने की अनुमति देता है।
2. दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 144 केवल ज़िला मजिस्ट्रेटों को इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करने का अधिकार देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**15. कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. KMGBF जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के 15वें पार्टियों के सम्मेलन (COP15) का परिणाम है।
2. इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक संरक्षित क्षेत्रों को विश्व के स्थलीय क्षेत्र के कम-से-कम 50% तक बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (ISIS), एक सलाफी-जिहादी आतंकवादी संगठन है जो मुख्य रूप से पश्चिमी इराक और पूर्वी सीरिया में सक्रिय है।
2. विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के तहत ISIS को भारत में एक गैरकानूनी संगठन घोषित नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ई-कचरा प्रबंधन नियम, 2022, नदियों में ई-कचरे को संभालने के लिये "जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत अधिसूचित किया गया है।
2. इसमें बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 द्वारा विनियमित अपशिष्ट बैटरियों को भी शामिल किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**18. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित पद, 'कल्लकाडल' है:**

A. जनजातीय समुदाय

B. प्रवाल द्वीपों का समूह

C. तटीय बाढ़ की घटना

D. त्रि पर्वत

नोट :

**19. शिक्षा का अधिकार ( RTE ) अधिनियम, 2009 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RTE अधिनियम का लक्ष्य 3 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना है।
2. यह दशकीय जनगणना, स्थानीय प्राधिकरण, राज्य विधानसभाओं और संसद के चुनावों एवं आपदा राहत के अलावा गैर-शैक्षणिक कार्यों के लिये शिक्षकों की तैनाती पर रोक लगाने का प्रावधान करता है।
3. धारा 12(1)(c) में कहा गया है कि गैर-अल्पसंख्यक निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को आर्थिक रूप से कमज़ोर और वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों के लिये प्रवेश स्तर के ग्रेड में कम-से-कम 25% सीटें आरक्षित करनी चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
**B. केवल दो**
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**20. बीमा सुगम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बीमा सुगम एक इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस प्रोटोकॉल है जो भारत में बीमा का सार्वभौमिकीकरण करेगा। इस प्रोटोकॉल को इंडिया स्टैक से जोड़ा जाएगा।
2. यह भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा अनुमोदित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**21. गैंहू ब्लास्ट रोग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2016 में बांग्लादेश में गैंहू ब्लास्ट रोग से बचाव के कारण पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में गैंहू की खेती पर दो वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया गया था।
2. गैंहू ब्लास्ट रोग एक फंगल संक्रमण है जो मैग्नापोर्थे ओरिज़े ट्रिटिकम (MoT) कवक के कारण होता है जो मुख्य रूप से गैंहू की फसल को प्रभावित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल साउथ उन देशों के समूह को संदर्भित करता है जिन्हें आमतौर पर विकसित देशों के रूप में जाना जाता है।
2. इसमें "ग्लोबल नॉर्थ" की तुलना में कम GDP, उच्च गरीबी दर और कम विकसित बुनियादी ढाँचे वाले देश शामिल नहीं हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय लॉरेल या सिल्वर ओक का पेड़ मूल रूप से दक्षिण पूर्व एशिया और भारत के क्षेत्रों में पाया जाता है और उष्णकटिबंधीय तथा उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में उगता है।
2. कोंडा रेड्डी जनजाति गोदावरी क्षेत्र में पापिकोंडा पहाड़ी श्रृंखला में रहने वाला एक विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न 2

**24. 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ( GoF )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों के लिये जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2012 में 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' लॉन्च किया, जिसमें 20 सदस्य देश शामिल हैं।
2. GoF प्रतिवर्ष अपने सदस्यों की दो बैठकें बुलाएगा, अपराधों के लिये जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिये सूचित करने और समर्थन जुटाने के लिये प्रतिवर्ष एक कार्यक्रम का आयोजन और मेज़बानी करेगा।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: कैलिस्टो, बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रहों में से एक है और साथ ही यह गैनीमेड ( बृहस्पति ) तथा टाइटन ( शनि ) के बाद सौर मंडल में तीसरा सबसे बड़ा उपग्रह है।**

**कथन-II: नासा के अनुसार, शनि के बाद, मंगल ग्रह सौर मंडल में सबसे अधिक चंद्रमाओं( उपग्रहों ) का दावा करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**26. BIMSTEC समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1997 में बैंकॉक घोषणा के माध्यम से की गई थी।
2. वर्तमान में इसमें सात सदस्य देश बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्याँमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर, 1948 को पेरिस में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा ( UDHR ) को सभी देशों और लोगों के लिये उपलब्धि के एक सामान्य मानक के रूप में अपनाया।**

**कथन- II: मानवाधिकारों में जीवन व स्वतंत्रता का अधिकार, अधीनता और यातना से स्वतंत्रता, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, कार्य करने व शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार आदि शामिल हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**28. पर्यावरण प्रभाव आकलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. सड़क और रेलवे निर्माण जैसी सार्वजनिक परियोजनाओं के लिये साधारण मृदा खनन के लिये पर्यावरणीय मंज़ूरी (EC) की आवश्यकता नहीं होती है।
2. भारत में पर्यावरण प्रभाव आकलन वैधानिक रूप से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 द्वारा समर्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**29. सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम, 1958 ( AFSPA ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी क्षेत्र को "विक्षुब्ध" घोषित करने की शक्तियाँ राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी प्रदान की गई हैं।
2. संपूर्ण राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश को अथवा उसके कुछ हिस्से को विक्षुब्ध क्षेत्र घोषित किया जा सकता है।
3. एक बार 'विक्षुब्ध' घोषित होने के बाद, संबद्ध क्षेत्र को निरंतर छह माह की अवधि के लिये विक्षुब्ध घोषित रखा जाता है।

**उपार्युक्त कथनों में से कौन-सा कथन सही है ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**30. तुंगभद्रा बाँध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तुंगभद्रा बाँध जिसे पंपा सागर के नाम से भी जाना जाता है, कर्नाटक के बल्लारी ज़िले में निर्मित एक बहुउद्देश्यीय बाँध है।
2. यह कर्नाटक के बेल्लारी, कोप्पल और रायचूर और पड़ोसी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर, कडप्पा और कुरनूल के 6 लंबे समय से सूखाग्रस्त ज़िलों की जीवन-रेखा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**31. 'औद्योगिक अल्कोहल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. औद्योगिक अल्कोहल में उच्च मात्रा में मेथनॉल जैसे योजक होते हैं, जो इसे विषाक्त बनाते हैं।
2. उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (IDRA), केंद्र सरकार को औद्योगिक अल्कोहल को विनियमित करने की शक्ति प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**32. शेरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शेर सबसे बड़ी सामाजिक बिल्ली प्रजाति हैं,जो प्राइड (prides) नामक समूहों में रहते हैं।
2. शेरनियाँ प्राथमिक शिकारी होती हैं, जबकि प्रमुख शेर प्राइड के क्षेत्र की रक्षा के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।
3. इनके शरीर के अंगों के लिये इन्हें ट्रॉफी शिकारियों द्वारा भी निशाना बनाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**33. अहोबिलम मंदिर परिसर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिज़र्व में स्थित है।
2. इसमें नल्लामाला वन के भीतर स्थित भगवान नरसिम्हा के 9 मंदिर हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**34. प्रोजेक्ट आकाशतीर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रोजेक्ट भारतीय वायुसेना से जुड़ा हुआ है।
2. आकाशतीर परियोजना वायु रक्षा नियंत्रण को स्वचालित करने के लिये एक अग्रणी प्रयास के रूप में खड़ी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अग्नि प्राइम, अग्नि श्रेणी की मिसाइलों का एक परमाणु-सक्षम नई पीढ़ी का उन्नत संस्करण है।
2. यह चार चरणों वाली कनस्तर मिसाइल है, जिसकी अधिकतम सीमा 3,000 से 4,000 किलोमीटर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**36. एशियाई हाथियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की रेड लिस्ट के अनुसार, इसे लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. भारत में जंगली एशियाई हाथियों की सबसे अधिक आबादी है, देश में हाथियों की सबसे अधिक संख्या कर्नाटक में है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**37. परमाणु घड़ियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परमाणु घड़ी, एक ऐसी घड़ी है, जो परमाणुओं की विशिष्ट अनुनाद आवृत्तियों, आमतौर पर सीज़ियम अथवा रुबिडियम के उपयोग से संचालित होती है।
2. वर्तमान में, भारत के पास कोई संचालित परमाणु घड़ी नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**38. असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वन्यजीव कॉरिडोर के रूप में स्थित है, जो अलवर में सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान से शुरू होता है और हरियाणा के विभिन्न ज़िलों से होकर गुजरता है।
2. अभयारण्य में देशी पौधे कांटेदार उपांग, मोम-लेपित, रसीले और टोमेंटोज पत्तियों जैसे जेरोफाइटिक अनुकूलन प्रदर्शित करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**39. 'डोपिंग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खेल प्रतियोगिताओं में दूसरों पर बढ़त प्राप्त करने के लिये कृत्रिम और प्राय: अवैध पदार्थों का करने का कार्य डोपिंग है।
2. राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) की स्थापना वर्ष 2005 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंर्तगत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य भारत में डोपिंग मुक्त खेलों का संचालन करना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: चीतल, जिसे चित्तीदार हिरण या एक्सिस हिरण (Axis axis) के रूप में भी जाना जाता है, भारत और श्रीलंका के घास के मैदानों व जंगलों का मूल निवासी एक सुंदर एवं सुरुचिपूर्ण शाकाहारी जानवर होता है।**

**कथन-II: वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत, एक मुख्य वन्यजीव वार्डन वैज्ञानिक प्रबंधन के उद्देश्य से स्थानांतरण की अनुमति दे सकता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II,कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II,कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**41. ज़िला निर्वाचन प्रबंधन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DEMP एक व्यापक दस्तावेज़ है जो ज़िलों में चुनावों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिये आँकड़ों और विश्लेषण का उपयोग करता है।
2. DEMP को मतदान की संभावित तिथि से कम-से-कम आठ माह पहले तैयार किया जाना आवश्यक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**42. हेपेटाइटिस के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेपेटाइटिस संक्रामक बैक्टीरिया के कारण होता है।
2. टाइप B और C लिवर सिरोसिस का सबसे आम कारण हैं।

नोट :

3. ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट, 2024 विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. 1 और 2
B. 1 और 3
C. 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**43. निम्नलिखित में से कौन सी प्रशांत अग्नि वलय (Pacific Ring of Fire) की विशेषताएँ हैं?**

**कथन-I पृथ्वी के 75% ज्वालामुखी या 450 से अधिक ज्वालामुखी रिंग ऑफ फायर के किनारे स्थित हैं।**

**कथन-II रिंग ऑफ फायर के पास ज्वालामुखियों और भूकंपों की प्रचुरता क्षेत्र में टेक्टोनिक प्लेटों की गति के कारण होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है

**44. वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. VVPAT मशीन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) की बैलेटिंग यूनिट/मतपत्र इकाई से जुड़ी होती है, और मतदाता की पसंद के साथ कागज़ की एक पर्ची प्रिंट करके मतदाता द्वारा डाले गए वोट का दृश्य सत्यापन प्रदान करती है।
2. वर्ष 2013 में चुनाव संहिता नियम, 1961 में संशोधन करके एक ड्रॉप बॉक्स वाले प्रिंटर को EVM से जोड़ने की अनुमति दी गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**45. AUKUS गठबंधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AUKUS गठबंधन में ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
2. इसका गठन वर्ष 2021 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिये किया गया था।
3. भारत इस समूह का सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. 1 और 2
B. 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. 1 और 3

**46. सिकाडा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिकाडा स्तनधारी हैं,जो हेमिप्टेरा क्रम और सुपरफैमिली सिकाडोइडिया से संबंधित हैं।
2. वे अपना अधिकांश जीवनकाल में भूमिगत रहते हैं और मुख्य रूप से संभोग के लिये मृदा से बाहर आते हैं।
3. भारत और बांग्लादेश में सिकाडा की आनुवंशिक विविधता विश्व स्तर पर सर्वोच्च स्थान पर है, इसके बाद चीन का स्थान है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. 1, 2 और 3
C. 2 और 3
D. 1 और 2

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अरदाघ-जॉनसन रेखा अक्साई चीन, जो कि चीन के नियंत्रण में है, को तत्कालीन जम्मू-कश्मीर (अब लद्दाख) में प्रदर्शित करती है।
2. मेकार्टनी-मैकडोनाल्ड रेखा अक्साई चीन को भारत के नियंत्रण में प्रदर्शित करती है।
3. ब्रिटिश भारत के राजनयिक और आर्थिक अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिये वर्ष 1903 में फ्राँसिस यंगहसबैंड के नेतृत्त्व में एक सैन्य अभियान ल्हासा भेजा गया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**48. धूमकेतु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धूमकेतु सौर मंडल के निर्माण के दौरान जमे हुए अवशेष हैं।
2. जैसे-जैसे ये सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, ये गर्म होने के साथ गैसों और धूल के रूप में चमकदार दिखते हैं।
3. इनकी कक्षाएँ ग्रहों के समान अत्यधिक एलिप्टिकल होती हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1 और 2

**49. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. यह RBI की बेंचमार्क ब्याज दरें तय करता है।
2. यह RBI के गवर्नर सहित 12 सदस्यीय निकाय है और प्रतिवर्ष इसका पुनर्गठन किया जाता है।
3. यह केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

**50. ओवरसीज़ सिटिज़नशिप ऑफ इंडिया (OCI) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओवरसीज़ सिटिज़नशिप ऑफ इंडिया योजना अगस्त 2005 में नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन द्वारा शुरू की गई थी।
2. भारत के एक पंजीकृत प्रवासी नागरिक को भारत आने के लिये बहुप्रवेश, बहुउद्देश्यीय और जीवन भर का वीज़ा दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**51. कृत्रिम भित्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये मनुष्यों द्वारा बायोरॉक तकनीक के माध्यम से बनाई गई संरचनाएँ हैं और मीठे पानी या खारे पानी के वातावरण में समुद्र तल स्थापित की गई हैं।
2. भारत के जल क्षेत्र में कोई कृत्रिम भित्तियों की स्थापना नहीं है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/ हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**52. रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (RERA), 2016 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RERA का विस्तार आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट दोनों तक है।
2. घर खरीदारों से एकत्र की गई धनराशि का 70% अनिवार्य रूप से RERA एस्क्रो खाते में जाना चाहिये।
3. एक घर खरीदार किसी डेवलपर से घर मिलने में देरी के लिये रिफंड या ब्याज का दावा कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सितवे बंदरगाह, म्याँमार के चिन राज्य में स्थित है।
2. इससे सिलीगुड़ी कॉरिडोर (या चिकन नेक) पर निर्भरता भी कम हो जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**54. 'उपचारात्मक याचिका' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जब अंतिम दोषसिद्धि के विरुद्ध समीक्षा याचिका खारिज़ होती है, उसके बाद उपचारात्मक याचिका एक कानूनी उपाय के रूप में कार्य करती है।
2. उपचारात्मक याचिकाओं पर आमतौर पर न्यायाधीशों द्वारा खुले न्यायालय में सुनवाई की जाती है।
3. उपचारात्मक याचिकाओं को नियंत्रित करने वाले सिद्धांत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा और अन्य 2002 के मामले में स्थापित किये गए थे।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. इनमें से कोई नहीं

**55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को दृढ़ करने की भारत की पहल प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे को संबोधित करने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्त्व को रेखांकित करती है।**

**कथन-II: विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की एक रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि वर्ष 1970 और वर्ष 2019 के बीच प्राकृतिक आपदाएँ पाँच गुना से अधिक बढ़ गई हैं, जिसमें जल से संबंधित आपदाएँ विश्व स्तर पर सबसे अधिक प्रचलित हैं।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है।

The Vision

नोट :

## व्याख्या भाग-1

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) ऊर्जा दक्षता और संरक्षण नीतियों व कार्यक्रमों को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार **वैधानिक निकाय** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ECO निवास संहिता 2018 आवासीय भवनों के लिये ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ECB-R) है जिसे दिसंबर 2018 में **विद्युत मंत्रालय** द्वारा लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस संहिता का उद्देश्य निवासियों और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल घरों, अपार्टमेंटों और टाउनशिप के डिज़ाइन व निर्माण में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना है।

**2.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संपीडित प्राकृतिक गैस:**

- संपीड़ित प्राकृतिक गैस एक प्राकृतिक गैस है जिसे उच्च दबाव में संपीड़ित किया जाता है, जिससे यह ईंधन टैंक में छोटी मात्रा में रह सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- LPG के विपरीत, जो संपीड़ित प्रोपेन और ब्यूटेन का मिश्रण है, CNG में मुख्य रूप से गैसीय अवस्था में 80 से 90% मीथेन होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**3.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केटामाइन:**

- **केटामाइन** एक विघटनकारी संवेदनाहारी है। डॉक्टर इसका उपयोग सामान्य **एनेस्थीसिया प्रेरित करने के** लिये करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **डिसोसिएटिव एनेस्थेटिक्स** नामक दवाओं के एक वर्ग से संबंधित है, जिसका अर्थ है कि यह व्यक्ति को वास्तविकता से अलग महसूस करा सकता है और अपने परिवेश से अलग होने की भावना का अनुभव कर सकता है।
- केटामाइन के दुरुपयोग से **मतिभ्रम, भ्रम, पृथक्करण** जैसे हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं और उच्च खुराक में यह गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएँ उत्पन्न कर सकता है या मृत्यु भी हो सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **T+0 ट्रेडिंग निपटान चक्र:**
  - **T+0 व्यापार चक्र** के अंतर्गत, ट्रेडों का निपटान T+0 बाज़ार बंद होने के बाद उसी दिन होगा।
    - इसका अर्थ यह है कि अगर निवेशक कोई शेयर बेचते हैं, तो उन्हें **उसी दिन उनके खाते में पैसा जमा** हो जाएगा और साथ ही खरीदार को भी लेन-देन के दिन ही उनके डीमैट खाते में शेयर मिल जाएंगे।
  - इसकी तुलना में, **वर्तमान टी+1 प्रणाली में व्यापार निष्पादन तिथि एवं निपटान तिथि के बीच एक कार्यदिवस की देरी** शामिल है।
    - इस प्रणाली में, विक्रेताओं को बिक्री के दिन केवल 80% नकदी प्राप्त होती है, शेष 20% अगले दिन उपलब्ध होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - हालाँकि, नई T+0 निपटान प्रणाली की शुरुआत के साथ विक्रेताओं को लेन-देन के दिन अपनी 100% नकदी तक तुरंत पहुँच प्राप्त होगी, जिससे शेष राशि के लिये अगले दिन की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।
  - यह विश्व की सबसे तेज़ स्टॉक सेटलमेंट प्रणाली है। **अत: कथन 2 सही है।**

**5.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **भोजेश्वर महादेव मंदिर:**
  - यह भगवान शिव को समर्पित है और इसमें **एक ही पत्थर से बना विशाल लिंगम** स्थापित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **11वीं शताब्दी में राजा भोज** द्वारा बनवाया गया यह मंदिर अपनी भव्यता और अद्वितीय वास्तुकला के लिये प्रतिष्ठित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - राजा भोज परमार वंश के एक प्रसिद्ध शासक थे जो अपने समरांगणसूत्रधार के वास्तुशिल्प ग्रंथ के लिये जाने जाते थे।
  - मंदिर की वास्तुकला **भूमिजा शैली** पर आधारित है जो इसके विशाल शिखर और अलंकृत नक्काशी तथा मूर्तियों की विशेषता है। **अत: कथन 3 सही है।**


नोट :

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अफ्रीका के हॉर्न में स्थित अफार ट्रायंगल एक भौमिकी निम्न भूभाग है जहाँ तीन विवर्तनिक (tectonic) प्लेटें, न्युबियन, सोमाली और अरेबियन प्लेटें मिलती हैं। **अत: कथन 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं।**
- यह पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली का हिस्सा है, जो अफार क्षेत्र से लेकर पूर्वी अफ्रीका तक विस्तृत है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसके भौमिकी महत्त्व के अतिरिक्त अफार ट्रायंगल का एक समृद्ध पुराजीवी (Paleontological) इतिहास रहा है जिसमें कुछ प्रारंभिक होमिनिन के जीवाश्म नमूनों की खोज शामिल है।
- वर्ष 2005 में इथियोपिया के रेगिस्तान में एक व्यापक रिफ्ट विस्तार देखने को मिला जो अफ्रीका महाद्वीप के निरंतर विवर्तनिक पृथक्करण को प्रदर्शित करता है।




7.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **वर्ष** 2014 में, सर्वोच्च न्यायालय ने ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ के निर्णय में **ट्रांसजेंडर लोगों** को **"थर्ड जेंडर"** के रूप में मान्यता दी। (राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ निर्णय को आम तौर पर **NALSA निर्णय** के नाम से जाना जाता है)। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष** 2018 में, एक ऐतिहासिक फैसले **( नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ मामले )** के रूप में, सर्वोच्च न्यायालय ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने वाली **धारा** 377 को रद्द कर दिया।। **अत: कथन 2 सही है।**

8.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय ने **ट्रांसजेंडर लोगों को "तीसरे लिंग" के रूप में मान्यता** प्रदान की। (**राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ, जिसे आमतौर पर NALSA निर्णय** के नाम से जाना जाता है)। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 2018 में एक ऐतिहासिक निर्णय में** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा **समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने वाली धारा 377 को रद्द** कर दिया। **( नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ )। अत: कथन 2 सही है।**

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

**भारत में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से संबंधित संवैधानिक प्रावधान:**

- **अनुच्छेद 124( 7 ):** यह सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को भारत में किसी भी न्यायालय या प्राधिकरण के समक्ष प्रैक्टिस करने से रोकता है।
  - इस प्रतिबंध का उद्देश्य न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बनाए रखना है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **अनुच्छेद 128: भारत के मुख्य न्यायाधीश,** राष्ट्रपति की सहमति से, सर्वोच्च न्यायालय की नियुक्ति के लिये योग्य **सर्वोच्च न्यायालय, संघीय न्यायालय** या **उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश** से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में बैठने एवं कार्य करने का अनुरोध कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

10.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **रिफ्टिंग:** रिफ्टिंग उस भूवैज्ञानिक प्रक्रिया को संदर्भित करता है जहाँ **पृथ्वी का स्थलमंडल/लिथोस्फीयर (पृथ्वी की सबसे बाह्य परत)** खिंचती और पतली होती है, जिससे दरार घाटियों या बेसिनों का निर्माण होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह प्रक्रिया आमतौर पर अपसारी प्लेट सीमाओं पर होती है जहाँ **टेक्टोनिक प्लेटें एक दूसरे** से दूर चली जाती हैं। जैसे-जैसे प्लेटें अलग होती जाती हैं, तनावग्रस्त ताकतें स्थलमंडल में दरार और टूटने का कारण बनती हैं, जिससे **भ्रंश क्षेत्र** की उत्पत्ति होती है।

11.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **कच्चातिवु भारत और श्रीलंका** के बीच पाक जलसंधि (Palk Strait) में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन **द्वीप** है। **अतः कथन 1 सही है**
- भारतीय तट से लगभग 33 किमी. दूर, **रामेश्वरम के उत्तर-पूर्व** में यह द्वीप श्रीलंका के उत्तरी सिरे पर **जाफना से लगभग 62 किमी. दक्षिण-पश्चिम** में स्थित है।
    - कच्चातिवु द्वीप **मानव के स्थायी निवास के लिये उपयुक्त नहीं** है क्योंकि द्वीप पर कोई पेयजल का स्रोत नहीं है।
    - द्वीप पर **एकमात्र संरचना (भवन)** स्थित है जिसका नाम सेंट एंथोनी चर्च है। यह 20वीं सदी का प्रारंभिक कैथोलिक चर्च है, जहाँ **भारत और श्रीलंका के ईसाई पादरी** एक **वार्षिक उत्सव सेवा** आयोजित करते हैं जिसमें दोनों देशों के श्रद्धालु शामिल होते हैं।
    - इस द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में **ज्वालामुखी विस्फोट** के परिणामस्वरूप हुआ था। **अतः कथन 2 सही है।**




12.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण अवस्थिति:** सामरिक दृष्टि से दक्षिण चीन सागर की अवस्थिति महत्त्वपूर्ण है, इसकी सीमा उत्तर में चीन और ताइवान से, पश्चिम में **भारत-चीन प्रायद्वीप** (वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर सहित), दक्षिण में **इंडोनेशिया तथा ब्रुनेई** एवं पूर्व में **फिलीपींस** (जिसे पश्चिम फिलीपीन सागर कहा जाता है) से लगती है। **अतः कथन सही है।**

- भारत का **55%** से अधिक व्यापार दक्षिण चीन सागर और **मलक्का जलसंधि** के माध्यम से होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **ताइवान जलसंधि** द्वारा पूर्वी चीन सागर से और **लूज़ॉन जलसंधि** द्वारा फिलीपीन सागर (प्रशांत महासागर के दोनों सीमांत समुद्र) से जुड़ा हुआ है।
- समुद्री मार्ग से व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा दक्षिण चीन सागर के माध्यम से किया जाता है। चीन का 64% से अधिक समुद्री व्यापार दक्षिण चीन सागर पर निर्भर है।




नोट :

13.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **EndTB की वैश्विक योजना, 2023-2030:** यह वर्ष 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में TB को समाप्त करने की योजना है। यह आवश्यक प्राथमिकता वाले कार्यों का खाका और TB को समाप्त करने के लिये आवश्यक वित्तीय संसाधनों का विस्तृत अनुमान प्रदान करता है।
  - यह एक लक्ष्य है जिसे **संयुक्त राष्ट्र (United Nations- UN)** और WHO के सभी सदस्य राज्यों द्वारा अपनाया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **TB के उपचार के लिये औषधियाँ:**
  - **आइसोनियाज़िड (INH):** यह दवा TB के इलाज की सबसे प्रभावशाली औषधि है और यह **माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस** के उपचार हेतु अत्यधिक प्रभावी है।
    - यह जीवाणु कोशिका भित्ति में माइकोलिक अम्ल के संश्लेषण को रोककर कार्य करता है।
  - **रिफैम्पिसिन (RIF):** यह **TB के उपचार** हेतु एक और अन्य आवश्यक औषधि है जो बैक्टीरिया में RNA के संश्लेषण की रोकथाम कर उपचार करती है।
    - इसका उपयोग अक्सर **TB के इलाज के लिये अन्य दवाओं के साथ संयोजन** में किया जाता है और रोगी के शरीर में दवा प्रतिरोध के विकास को रोकने के लिये यह महत्त्वपूर्ण है।
  - **डेलामानिड:** डेलामानिड एक नई दवा है जिसका **उपयोग मल्टीड्रग-प्रतिरोधी TB (MDR-TB) के उपचार में किया जाता है और अक्सर अन्य दवाओं के साथ संयोजन** में उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

14.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 5 (2),** दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन (सार्वजनिक आपातकाल और सार्वजनिक सुरक्षा) नियम, 2017 के साथ, सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा के मामले में संघ या राज्य के गृह सचिव को किसी भी टेलीग्राफ सेवा (इंटरनेट सहित) के निलंबन का आदेश देने की अनुमति देती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144** एक ज़िला मजिस्ट्रेट, एक उप-विभागीय मजिस्ट्रेट या किसी अन्य कार्यकारी मजिस्ट्रेट को विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक शांति में किसी भी उपद्रव या गड़बड़ी को रोकने या प्रतिबंधित करने के लिये आदेश जारी करने का अधिकार देती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

15.

उत्तर: D

व्याख्या:

- कुनमिंग-मॉन्ट्रियल GBF को दिसंबर 2022 में **संयुक्त राष्ट्र जैवविविधता सम्मेलन के पक्षकारों के सम्मेलन की 15वीं बैठक** के दौरान अपनाया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- GBF के लक्ष्य 3 का लक्ष्य **वर्ष 2030 तक संरक्षित क्षेत्रों को** मौजूदा 16% की तुलना में **विश्व के स्थलीय क्षेत्र के कम-से-कम 30%** तक बढ़ाना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

16.

उत्तर: A

व्याख्या:

- इस्लामिक स्टेट (IS) जिसे **इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (ISIS)** और **इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवेंट (ISIL)** के नाम से भी जाना जाता है, एक सलाफी-जिहादी आतंकवादी संगठन है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय सुन्नी विद्रोही समूह है जो मुख्य रूप से **पश्चिमी इराक** एवं **पूर्वी सीरिया** में सक्रिय है जिसका लक्ष्य इराक तथा सीरिया में **इस्लामी खिलाफत की स्थापना** के साथ इसे एक वैश्विक सलाफी-जिहादी आंदोलन बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967** के तहत भारत में ISIS को एक गैरकानूनी संगठन की मान्यता दी गई है। केंद्र सरकार ने ISIS को इस अधिनियम की पहली अनुसूची में शामिल किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

| नाम | गठन | FTO डिज़ाइन-एशन | परिचय | विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अनुसार भारत में स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| **लश्कर-ए-तैयबा (LET)** | 1980 के दशक के अंत में | वर्ष 2001 | मुंबई में वर्ष 2008 के प्रमुख हमलों और साथ ही कई अन्य हाई-प्रोफाइल हमलों के लिये ज़िम्मेदार। | **प्रतिबंधित** |
| **जैश-ए-मोहम्मद( JEM )** | वर्ष 2000 | वर्ष 2001 | LET के साथ मिलकर यह वर्ष 2001 में भारतीय संसद पर हुए हमले के लिये ज़िम्मेदार था। | **प्रतिबंधित** |
| **हरकत-उल जिहाद इस्लामी (HUJI)** | वर्ष 1980 | वर्ष 2010 | प्रारंभ में इसका गठन सोवियत सेना से लड़ने के लिये किया गया था, बाद में इसने भारत की ओर अपने प्रयासों को पुनर्निर्देशित किया। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा भारत में सक्रिय है और **कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने की मांग** कर रहा है। | **प्रतिबंधित** |
| **हरकत-उल-मुजाहिदीन (HUM)** | वर्ष 1985 | वर्ष 1997 | मुख्य रूप से **पाक-अधिकृत कश्मीर** और कुछ पाकिस्तानी शहरों से संचालित होता है। | **प्रतिबंधित** |
| **हिज्बुल मुजाहिदीन** | वर्ष 1989 | वर्ष 2017 | पाकिस्तान की सबसे बड़ी **इस्लामी राजनीतिक पार्टी की आतंकवादी शाखा** तथा **जम्मू-कश्मीर में सक्रिय सबसे बड़े और सबसे पुराने आतंकवादी समूहों में से एक** है। | **प्रतिबंधित** |
| **अल कायदा** | वर्ष 1988 | वर्ष 1999 | यह मुख्य रूप से कराची एवं अफगानिस्तान में पूर्व संघीय प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों से संचालित होता है। | **प्रतिबंधित** |

**नोट :**

17.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- भारत में ई-कचरे का प्रबंधन वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत **ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम, 2022** के तहत विनियमित है। इसमें **सौर पीवी मॉड्यूल, पैनल तथा कोशिकाओं का अपशिष्ट प्रबंधन शामिल** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **अपवाद: इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022 निम्नलिखित पर लागू नहीं** होते हैं:
  - अपशिष्ट बैटरियों को **बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम,** 2022 द्वारा नियंत्रित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम,** 2016 द्वारा शासित पैकेजिंग प्लास्टिक **सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 में सूक्ष्म उद्यमों को परिभाषित** किया गया है।
  - **रेडियोधर्मी अपशिष्ट परमाणु ऊर्जा अधिनियम,** 1962 एवं उसके नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत आते हैं।

18.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- कल्लकाडल (Kallakkadal) नाम की **ऊँची समुद्री लहरों के कारण केरल के कई तटीय इलाकों के सैकड़ों घरों में पानी भर गया** है।
- कल्लकाडल का तात्पर्य **प्री-मॉनसून सीज़न** (अप्रैल-मई) के दौरान और **कभी-कभी भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर मॉनसून के बाद की लहरों** के कारण होने वाली **तटीय बाढ़** से है।
- **स्थानीय मछुआरों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द कल्लकाडल दो मलयालम शब्दों** से मिलकर बना है, जिनमें **कल्लन और काडल शामिल हैं। कल्लन का अर्थ है 'चोर' और काडल का अर्थ है 'समुद्र',** अर्थात् इसका अर्थ 'समुद्र का चोर' है।

**अत: विकल्प C सही है।**

19.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**शिक्षा का अधिकार (Right to Education- RTE) अधिनियम, 2009:**

- RTE अधिनियम का लक्ष्य 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह दशकीय जनगणना, स्थानीय प्राधिकरण, राज्य विधानसभाओं और संसद के चुनावों एवं आपदा राहत के अलावा **गैर-शैक्षणिक कार्यों के लिये शिक्षकों की तैनाती पर रोक** लगाने का प्रावधान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह **गैर-प्रवेशित बच्चे को** आयु के अनुरूप कक्षा में **प्रवेश देने का भी प्रावधान** करता है।
- इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच **वित्तीय एवं अन्य जिम्मेदारियों के वितरण** के बारे में भी बताया गया है।
  - भारतीय संविधान में शिक्षा एक **समवर्ती मुद्दा** है और केंद्र व राज्य दोनों इस मुद्दे पर कानून बना सकते हैं।
- यह निम्नलिखित से संबंधित **मानदंड और मानक निर्धारित** करता है:
  - छात्र शिक्षक अनुपात (PTR), भवन और बुनियादी ढाँचा, विद्यालय-कार्य दिवस, शिक्षक-कार्य घंटे।
- **धारा 12(1)(c)** में कहा गया है कि **गैर-अल्पसंख्यक निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को** आर्थिक रूप से कमज़ोर और वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों के लिये **प्रवेश स्तर के ग्रेड में कम-से-कम 25% सीटें आरक्षित करनी चाहिये। अत: कथन 3 सही है।**
- यह **अपेक्षित प्रवेश और शैक्षणिक योग्यता वाले शिक्षकों की नियुक्ति का प्रावधान** करता है।

नोट :

- **यह निषेध करता है:**
  - शारीरिक दण्ड एवं मानसिक उत्पीड़न
  - बच्चों के प्रवेश के लिये स्क्रीनिंग प्रक्रियाएँ
  - कैपिटेशन शुल्क
  - शिक्षकों द्वारा निजी ट्यूशन
  - बिना मान्यता के स्कूल का संचालन
- यह **बाल मैत्रीपूर्ण और बाल केंद्रित** शिक्षा प्रणाली के माध्यम से बच्चे को भय, आघात एवं चिंता से मुक्त बनाने पर केंद्रित है।

20.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- **बीमा सुगम एक इलेक्ट्रॉनिक मार्केटप्लेस प्रोटोकॉल है** जो भारत में बीमा का सार्वभौमिकीकरण करेगा। इस प्रोटोकॉल को **इंडिया स्टैक से** जोड़ा जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने बीमा सुगम की स्थापना को मंज़ूरी दे दी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह उन सभी कंपनियों को शामिल करेगा जो **एक छत के नीचे, जीवन एवं गैर-जीवन बीमा उत्पाद प्रस्तुत** करती हैं।
- **बीमा सुगम एक एकीकृत मंच के रूप में** कार्य करेगा, जो सरकारी **डेटाबेस, बीमाकर्त्ताओं, मध्यस्थों तथा बीमा रिपॉजिटरी के साथ एकीकृत** होगा।
- यह **ग्राहक विवरण** प्राप्त करेगा, **उत्पाद की जानकारी** प्रदान करेगा और साथ ही **बीमा पॉलिसियों की खरीद एवं सर्विसिंग की सुविधा भी** प्रदान करेगा।
- एकल इंटरफेस के रूप में कार्य करते हुए, यह **ग्राहकों, मध्यस्थों एवं एजेंटों को एकीकृत** करेगा, जिससे उन्हें विभिन्न बीमाकर्त्ताओं (जीवन, स्वास्थ्य, गैर-जीवन) से जुड़ने के साथ-साथ लेन-देन करने में भी सक्षम बनाया जा सकेगा।
- **ग्राहकों के लिये लाभ:**
  - **बीमा पॉलिसियाँ इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में उपलब्ध** हैं, जिससे भौतिक दस्तावेज़ों पर निर्भरता कम हो जाती है।
  - बीमा सुगम का **लक्ष्य प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के साथ प्रशासनिक लागत को कम** करके जीवन बीमा को अधिक किफायती बनाना है।

21.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**


- **गेंहू ब्लास्ट रोग:** वर्ष 2016 में बांग्लादेश में गेहूँ ब्लास्ट रोग के फैलने के कारण पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और नादिया ज़िलों सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में भी गेहूँ की खेती पर दो वर्ष का आधिकारिक प्रतिबंध लगा दिया गया, जिसने वहाँ के किसानों को वैकल्पिक फसलें तलाशने के लिये प्रेरित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **गेहूँ ब्लास्ट रोग एक फंगल संक्रमण है** जो **मैग्नापोर्थे ओराइज़े ट्रिटिकम (MoT)** कवक के कारण होता है, जो मुख्य रूप से गेहूँ की फसलों को प्रभावित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह गेहूँ की बालियों, पत्तियों और तनों पर बड़े घावों के रूप में दिखाई देता है, जिससे उपज को गंभीर नुकसान होता है।


22.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- **ग्लोबल साउथ** से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर **विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित** के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ग्लोबल साउथ, जिसे अमूमन पूर्णत: **भौगोलिक** अवधारणा के रूप में गलत समझा जाता है, **भू-राजनीतिक, ऐतिहासिक तथा विकासात्मक कारकों** पर आधारित विविध देशों को संदर्भित करता है।
- **"ग्लोबल नॉर्थ"** अधिक समृद्ध राष्ट्र हैं जो ज़्यादातर उत्तरी अमेरिका और यूरोप में स्थित हैं, इनमें ओशिनिया तथा अन्य जगहों पर कुछ नए देश भी शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ये राष्ट्र आमतौर पर अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, कैरेबियन क्षेत्र और एशिया (**एशिया के जापान तथा दक्षिण कोरिया एवं ऑस्ट्रेलिया जैसे उच्च आय वाले देशों को छोड़कर) में स्थित हैं।**


Global North
30°N
30°N
30°N
Global South


NORTH AMERICA
EUROPE
ASIA
AFRICA
SOUTH AMERICA
AUSTRALASIA
Brandt line

नोट :

- **ऐतिहासिक संदर्भ:**
  - **ब्रांट लाइन (Brandt Line):** यह रेखा 1980 के दशक में पूर्व **जर्मन चांसलर विली ब्रांट** द्वारा **प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर उत्तर-दक्षिण विभाजन** के दृश्य चित्रण के रूप में प्रस्तावित की गई थी।




  - **G-77:** वर्ष 1964 में **77 देशों का समूह (G-77)** तब अस्तित्व में आया जब इन देशों ने जिनेवा में **व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)** के पहले सत्र के दौरान एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किये।

**23.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

हाल ही में वन अधकिारियों को यह पता चला कि एक **भारतीय लॉरेल वृक्ष या भारतीय सल्विर ओक (फाइकस माइक्रोका-पा) की छाल**, वशिषतः गर्मियों में,जल का भंडारण करती है। जैसा कि **कोंडा रेड्डी जनजाति** द्वारा दावा कयिा जाता है।

- मूलतः **भारतीय लॉरेल वृक्ष** दक्षिण पूर्व एशिया और भारत के क्षेत्रों में पाए जाते हैं, यह उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में उगते हैं। यह चमकदार, **घने हरे पत्ते वाले सदाबहार वृक्ष** होते हैं, और इसके लेटेक्स रस का उपयोग रबर उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कोंडा रेड्डी जनजाति **गोदावरी क्षेत्र में पापीकोंडा पहाड़ी श्रृंखला** (आंध्रप्रदेश) में निवास करने वाले **कमज़ोर आदिवासी समूह** हैं, और उनकी मातृभाषा तेलुगु है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **पापीकोंडा राष्ट्रीय उद्यान (Papikonda National Park- PNP)** को वर्ष 1882 में आरक्षित वन, वर्ष 1978 में वन्यजीव अभयारण्य और वर्ष 2008 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
  - PNP में **आर्द्र पर्णपाती वन** पाए जाते हैं, इनमें बाघ, चूहा, हिरण, गौर आदि जैसी पशु प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 16 दिसंबर, 2022 को, भारत ने शांति सैनिकों के विरुद्ध अपराधों के लिये जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिये **'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स'** लॉन्च किया। **इसमें 40 सदस्य देश शामिल हैं। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह सदस्य देशों से अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप **शांति रक्षकों (ब्लू हेलमेट)** के विरुद्ध किये गए अपराध के **अपराधियों की जाँच, गिरफ्तारी और मुकदमा** चलाने एवं व्यावहारिक रूप से **UNSC के भीतर तथा बाहर दोनों जगह जवाबदेहिता को बढ़ावा देने का आह्वान** करता है।
- GoF **प्रतिवर्ष अपने सदस्यों की दो बैठकें** आयोजित करेगा, शांति रक्षकों के विरुद्ध अपराध हेतु जवाबदेहिता को बढ़ावा देने के लिये सहायकों को सूचित करने और प्रेरित करने के लिये **प्रतिवर्ष एक कार्यक्रम का आयोजन** करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**25.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कैलिस्टो, बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रहों में से एक है और साथ ही यह **गैनीमेड (बृहस्पति)** तथा **टाइटन (शनि)** के बाद सौर मंडल में **तीसरा सबसे बड़ा उपग्रह** है। **अतः कथन I सही है।**
- इसकी खोज **वर्ष 1610** में इतालवी वैज्ञानिक **गैलीलियो गैलीली** ने बृहस्पति के तीन अन्य सबसे बड़े उपग्रहों: **गैनीमेड, यूरोपा** एवं **आयो** के साथ की थी।
- **नासा (NASA)** के अनुसार, **शनि (146) के बाद, बृहस्पति (95) के पास सौर मंडल में सबसे अधिक उपग्रह** हैं। **अतः कथन II सही नहीं है।**
- **अतः कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।**


नोट :

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल ( बिम्सटेक )** की स्थापना वर्ष 1997 में **बैंकॉक घोषणा** के माध्यम से की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे **प्रारंभ में BIST-EC** (बांग्लादेश-भारत-श्रीलंका-थाईलैंड आर्थिक सहयोग) **के रूप में जाना जाता था,** संगठन में **वर्तमान में सात सदस्य देश** (बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्याँमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड) **शामिल** हैं। **अत: कथन 2 सही है।**



27.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने 10 दिसंबर, 1948 को पेरिस में **मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR)** को सभी देशों और लोगों के लिये उपलब्धि के एक सामान्य मानक के रूप में अपनाया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **संयुक्त राष्ट्र (UN)** के अनुसार, **मानवाधिकार** नस्ल, लैंगिक, राष्ट्रीयता, जातीयता, भाषा, धर्म या किसी अन्य स्थिति की परवाह किये बिना **सभी मनुष्यों के अंतर्निहित अधिकार** हैं।
- मानवाधिकार अंतर्निहित अधिकार होते हैं, जो हमारे पास हैं **क्योंकि हमारा अस्तित्व मनुष्य के रूप में है**, वे हमें किसी भी राज्य द्वारा प्रदान नहीं किये जाते हैं।
- मानवाधिकारों में जीवन व स्वतंत्रता का अधिकार, अधीनता और यातना से स्वतंत्रता, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, कार्य करने व शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार आदि शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- अत: कथन I और कथन II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

28.

उत्तर: B

व्याख्या:

**पर्यावरण प्रभाव आकलन:**

- **सर्वोच्च न्यायालय** ने **पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** द्वारा तीन वर्ष पहले जारी की एक अधिसूचना को अमान्य घोषित कर दिया। इस अधिसूचना ने **सड़क और रेलवे निर्माण** जैसी **सार्वजनिक परियोजनाओं** के लिये **साधारण मृदा खनन** को **पर्यावरणीय मंज़ूरी (EC)** की आवश्यकता से छूट प्रदान की है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में **पर्यावरण प्रभाव आकलन** वैधानिक रूप से **पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986** द्वारा प्रबंधित है जिसमें EIA पद्धति और प्रक्रिया के संबंध में विभिन्न प्रावधान शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

29.

उत्तर: A

व्याख्या:

**सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम, 1958 (AFSPA):**

- विक्षुब्ध क्षेत्र वह है जिसे AFSPA की **धारा 3** के तहत अधिसूचना द्वारा घोषित किया जाता है। इसे उन स्थानों पर लागू किया जा सकता है जहाँ नागरिक शक्ति की सहायता के लिये सशस्त्र बलों का उपयोग आवश्यक है।
- अधिनियम में वर्ष 1972 में संशोधन किया गया और किसी क्षेत्र को "विक्षुब्ध" घोषित करने की शक्तियाँ **राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार** को भी प्रदान की गईं। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्र सरकार अथवा राज्य के राज्यपाल अथवा केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक संपूर्ण राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश को विक्षुब्ध क्षेत्र घोषित कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **विक्षुब्ध क्षेत्र (विशेष न्यायालय) अधिनियम, 1976** के अनुसार, एक बार 'विक्षुब्ध' घोषित होने के बाद, संबद्ध क्षेत्र को निरंतर तीन माह की अवधि के लिये विक्षुब्ध घोषित रखा जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

30.

उत्तर: C

व्याख्या:

**तुंगभद्रा बाँध:**

- तुंगभद्रा बाँध जिसे **पंपा सागर** के नाम से भी जाना जाता है, कर्नाटक के बल्लारी ज़िले के होसपेटे में **तुंगभद्रा नदी** पर निर्मित एक बहुउद्देश्यीय बाँध है। इसका निर्माण वर्ष 1953 में डॉ. थिरुमलाई अयंगर द्वारा किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- तुंगभद्रा जलाशय की भंडारण क्षमता 101 TMC (हज़ार मिलियन क्यूबिक फीट) है और **जलग्रहण क्षेत्र 28000 वर्ग किलोमीटर तक विस्तृत** है। इसकी ऊँचाई लगभग 49.5 मीटर है।
  - **महत्त्व:**
  - यह **कर्नाटक** के बेल्लारी, कोप्पल व रायचूर (जिसे **कर्नाटक का राइस बाउल** के रूप में जाना जाता है) और पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के अनंतपुर, कडप्पा तथा कुरनूल के 6 **लंबे समय से सूखाग्रस्त ज़िलों की जीवन-रेखा** है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - दोनों राज्यों में भूमि के विशाल हिस्से को सिंचित करने के अतिरिक्त यह **जल विद्युत भी उत्पन्न करता है और बाढ़ को नियंत्रित करने में सहायता करता है।**

नोट :

31.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मादक पेय पदार्थों के विपरीत, **औद्योगिक अल्कोहल मानव उपभोग ( विकृत ) के लिये नहीं है।** इसका अनुप्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में होता है, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, कीटाणुनाशक, रसायन और यहाँ तक कि जैव ईंधन का निर्माण भी शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **समवर्ती सूची ( प्रविष्टि 33 ): राज्यों और केंद्र दोनों** को उद्योगों पर कानून बनाने की अनुमति देती है, इस शर्त के साथ कि राज्य के कानून केंद्रीय कानूनों का खंडन नहीं कर सकते।
- औद्योगिक अल्कोहल **उद्योग ( विकास और विनियमन ) अधिनियम, 1951 ( IDRA )** के अंतर्गत आता है, जो इसे विनियमन की वस्तु के रूप में सूचीबद्ध करता है। संसद का यह अधिनियम केंद्र सरकार को **औद्योगिक अल्कोहल को विनियमित करने की शक्ति** प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- शेर सबसे बड़ी सामाजिक बिल्ली प्रजाति हैं,जो **प्राइड** ( prides ) नामक समूहों में रहते हैं।
    - एक प्राइड में आमतौर पर कई संबंधित मादाएँ, उनके शावक और कुछ वयस्क नर शामिल होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **शेरनियाँ प्राथमिक शिकारी होती हैं**, जबकि प्रमुख **शेर प्राइड के क्षेत्र की रक्षा के लिये ज़िम्मेदार होते हैं। अत: कथन 2 सही है।**
- उन्हें **ट्रॉफी शिकारियों द्वारा भी निशाना** बनाया जाता है।
    - ट्रॉफी शिकार का एक रूप है जहाँ प्राथमिक आवश्यकता हेतु **जानवरों को उनके शरीर के अंगों, जैसे सींग, दाँत या खाल के लिये मारा जाता है,** जिन्हें बाद में ट्रॉफी या स्मृति चिन्ह के रूप में ( और मुख्य रूप से भोजन के रूप में नहीं ) रखा जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

33.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में **नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिज़र्व** के भीतर स्थित **अहोबिलम मंदिर** परिसर में आगंतुकों पर कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- चीथल बेस कैंप में प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध, संभावित मानव-पशु संघर्ष के कारण रातभर रुकने एवं मंदिर में पशुबलि पर प्रतिबंध शामिल हैं, ये सभी उपाय अत्यधिक गर्मी की प्रतिक्रिया तथा वन्यजीवों के संरक्षण के लिये उठाए गए हैं।
- इसके निकटवर्ती नल्लामाला वन क्षेत्र में **रेड सैंडर्स**, तेंदुओं एवं हिरणों तथा बाघ आदि निवास करते हैं।
- वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा **वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम, 1972** के प्रावधानों के अनुसार गठित **अहोबिलम राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ( NTCA )** इस क्षेत्र के लिये विशिष्ट दुर्लभ वनस्पतियों एवं जीवों की देखरेख व संरक्षण करता है।
- अहोबिलम मंदिर परिसर में **नल्लामाला वन** के भीतर स्थित **भगवान नरसिम्हा के 9 मंदिर** हैं। नौ तीर्थस्थलों के अतिरिक्त पहाड़ की तलहटी में **प्रह्लाद वरदा वरधन** का एक मंदिर भी शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

34.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय सेना ने **'प्रोजेक्ट आकाशतीर'** के अंतर्गत नियंत्रण और रिपोर्टिंग सिस्टम के कार्यान्वयन की शुरुआत की है, जो एक रणनीतिक कदम है जिसका उद्देश्य अपनी वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ( BEL )** द्वारा विकसित इस परियोजना का उद्देश्य सेना की वायु रक्षा तंत्र की परिचालन दक्षता और एकीकरण को बढ़ाना है।
- **BEL रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न सार्वजानिक क्षेत्र की इकाई ( PSU ) है।**
- आकाशतीर परियोजना डिजिटलीकरण के माध्यम से **वायु रक्षा नियंत्रण** और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं को स्वचालित करने का एक अग्रणी प्रयास है, जो जटिल संचालन के लिये एक सुव्यवस्थित दृष्टिकोण का प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

**नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।**

- इसका संचालन **सामरिक बल कमान (SFC)** और **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)** द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।
- यह लॉन्च भारत के **'मिशन दिव्यास्त्र'** कार्यक्रम के हिस्से के रूप में उसके रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप है, जो दुर्जेय रणनीतिक क्षमताओं वाले देशों के मध्य अपनी स्थिति को और मज़बूत करता है।
- **अग्नि प्राइम, अग्नि श्रेणी की मिसाइलों का एक परमाणु-सक्षम नई पीढ़ी का उन्नत संस्करण है। अतः कथन 1 सही है।**
- यह **दो चरणों वाली कनस्तर मिसाइल** है जिसकी अधिकतम सीमा 1,000 से 2,000 कि.मी. है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह अग्नि श्रेणी की पिछली सभी मिसाइलों से हल्की है।
  - यह **मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक** से लैस है।

36.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत में **हाथी** को **प्रमुख प्रजाति** के साथ-साथ **प्राकृतिक विरासत** पशु होने का भी गौरव प्राप्त है।
  - **एशियाई हाथी:** लुप्तप्राय
  - **अफ्रीकी वन हाथी:** गंभीर रूप से लुप्तप्राय
  - **अफ्रीकी सवाना हाथी:** लुप्तप्राय
  - **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में **जंगली एशियाई हाथियों की संख्या सबसे अधिक** है। देश में हाथियों की कुल आबादी 30,000 से अधिक होने का अनुमान है। भारत में **हाथियों की सबसे अधिक आबादी कर्नाटक** में है। **अतः कथन 2 सही है।**

37.

उत्तर: A

व्याख्या

- **परमाणु घड़ी,** एक ऐसी घड़ी है, जो अपनी असाधारण सटीकता के लिये जानी जाती है और साथ ही परमाणुओं की **विशिष्ट अनुनाद आवृत्तियों, आमतौर पर सीज़ियम अथवा रुबिडियम के उपयोग से संचालित होती है। अतः कथन 1 सही है।**
- इसका आविष्कार **लुईस एसेन** ने वर्ष 1955 में किया था।
- वर्तमान में, **भारत में परमाणु घड़ियाँ** अहमदाबाद एवं फरीदाबाद में संचालित हो रही हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य** एक महत्त्वपूर्ण वन्यजीव कॉरिडोर के रूप में स्थित है, जो अलवर में **सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान** से शुरू होता है और हरियाणा के मेवात, फरीदाबाद तथा गुरुग्राम जिलों से होकर गुज़रता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस क्षेत्र में उल्लेखनीय दैनिक तापमान भिन्नता के साथ **अर्द्धशुष्क जलवायु** है।
- वन्यजीव अभयारण्य में वनस्पति मुख्य रूप से एक खुली छत्तेदार कटीली झाड़ियाँ (open canopied thorny scrub) हैं।
- देशी पौधे काँटेदार उपांग, मोम-लेपित, रसीले और टोमेंटोज पत्तियों जैसे जेरोफाइटिक अनुकूलन प्रदर्शित करते हैं।
  - प्रमुख वन्यजीव प्रजातियों में मोर, सामान्य वन लटूषक, सिरकीर मल्कोहा, नीलगाय, गोल्डन जैकल्स, स्पॉटेड हिरण आदि शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

39.

उत्तर: D

व्याख्या:

- डोपिंग, **खेल प्रतियोगिताओं में दूसरों पर बढ़त प्राप्त करने के लिये कृत्रिम एवं प्रायः अवैध पदार्थों का सेवन करने का कार्य** है (उदाहरण के लिये: एनाबॉलिक स्टेरॉयड, मानव विकास हार्मोन, उत्तेजक आदि। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- डोपिंग उत्पादों का प्राय: अवैध रूप से उत्पादन, तस्करी एवं वितरण किया जाता है। चूँकि इन्हें सार्वजनिक उपयोग के लिये शायद ही कभी मंज़ूरी दी जाती है, इसलिये इनका सेवन हानिकारक है तथा पेशेवर एवं शौकिया तौर पर खेल से जुड़े लोगों, दोनों के लिये गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न कर सकता है।

- राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA):
  - NADA की स्थापना वर्ष 2005 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य भारत में डोपिंग-मुक्त तरीके से खेल संपन्न कराना था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - NADA भारत की डोपिंग रोधी गतिविधियों की योजना, कार्यान्वयन एवं समन्वय के लिये ज़िम्मेदार है। यह विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (VADA) संहिता और विनियमों का पालन करता है।

**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चीतल, जिसे **चित्तीदार हिरण** या **एक्सिस हिरण ( Axis axis )** के रूप में भी जाना जाता है, **भारत और श्रीलंका** के घास के मैदानों और जंगलों का मूल निवासी एक सुंदर और सुरुचिपूर्ण शाकाहारी जानवर होता है। **अत: कथन I सही है।**
  - वे खुले घास के मैदान, सवाना और हल्के जंगली इलाके पसंद करते हैं।
  - **IUCN लाल सूची: सबसे कम चिंता का विषय**
  - **WLPA 1972: अनुसूची II।**
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत, एक मुख्य वन्यजीव वार्डन वैज्ञानिक प्रबंधन के उद्देश्य से स्थानांतरण की अनुमति दे सकता है। **अत: कथन II सही है।**
  - कानून कहता है कि इस तरह के स्थानांतरण से जानवरों को न्यूनतम आघात पहुँचना चाहिये।
- अत: विकल्प B सही है। कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**41.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- DEMP एक व्यापक दस्तावेज़ है जो ज़िलों में चुनावों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिये आँकड़ों और विश्लेषण का उपयोग करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, DEMP को मतदान की संभावित तिथि से कम-से-कम छह माह पहले तैयार किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- चुनावी प्रक्रिया की गतिशीलता के लिये अक्सर चुनावों की आधिकारिक घोषणा के बाद समय-समय पर पुनर्मूल्यांकन और योजना में संशोधन की आवश्यकता होती है।
- DEMP के प्रभावी कार्यान्वयन में **चुनावी अधिकारियों, प्रशासनिक निकायों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों** और अन्य प्रासंगिक हितधारकों को शामिल करते हुए एक समन्वित प्रयास शामिल है।
- राजनीतिक संस्थाओं और मीडिया आउटलेट्स के साथ निर्धारित कार्यकलाप की भी व्यवस्था की जाती है ताकि उन्हें चुनावी नियमों एवं प्रक्रियाओं पर व्यापक जानकारी प्रदान की जा सके।

**42.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हेपेटाइटिस **संक्रामक वायरस** *(वायरल हेपेटाइटिस)* और गैर-संक्रामक एजेंटों के कारण होता है, जिससे कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएँ होती हैं, जिनमें से कुछ घातक हो सकती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हेपेटाइटिस वायरस के पाँच मुख्य प्रकार हैं: **A, B, C, D, व E**, इनमें प्रत्येक के संचरण, गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीके अलग-अलग हैं।
- **B व C लीवर सिरोसिस** (ऐसी स्थिति जिसमें लीवर ज़ख्मी तथा स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो जाता है), लीवर कैंसर और वायरल हेपेटाइटिस से संबंधित मौतों का सबसे आम कारण है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कुछ अन्य प्रकार के **हेपेटाइटिस को टीकाकरण के माध्यम से रोका** जा सकता है और टीकाकरण, नैदानिक परीक्षणों, दवाओं एवं शिक्षा अभियानों के माध्यम से **2030 तक अनुमानित 4.5 मिलियन असामयिक मौतों को रोका जा सकता है।**

नोट :

- WHO की वैश्विक हेपेटाइटिस रणनीति का लक्ष्य **2016 से 2030 के बीच नए हेपेटाइटिस संक्रमण को 90% और मौतों को 65% तक कम करना है।**
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन ( WHO )** द्वारा हाल ही में जारी **ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट,** 2024 में भारत को वायरल हेपेटाइटिस, विशेष रूप से **हेपेटाइटिस B एवं C संक्रमण का सामना करने वाले देशों में से एक के रूप में** सामने आया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**43.**


**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**56. प्रशांत अग्नि वलय ( Pacific Ring of Fire ):**

- **प्रशांत अग्नि वलय ( पैसिफिक रिंग ऑफ फायर ), जिसे प्रशांत रिम या सर्कम-पैसिफिक बेल्ट भी कहा जाता है,** प्रशांत महासागर के साथ स्थित एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ अधिकांश सक्रिय ज्वालामुखी और भूकंप रिकॉर्ड किये जाते हैं।
- **पृथ्वी के 75% ज्वालामुखी** यानी 450 से अधिक ज्वालामुखी रिंग ऑफ फायर के किनारे स्थित हैं। पृथ्वी के **90% भूकंप इस क्षेत्र में आते हैं,** जिसमें पृथ्वी की सबसे हिंसक और भूकंपीय घटनाएँ शामिल हैं। **अत: कथन I सही है।**
- रिंग ऑफ फायर के किनारे ज्वालामुखियों और भूकंपों की प्रचुरता क्षेत्र में **टेक्टोनिक प्लेटों की हलचल** के कारण होती है। **अत: कथन II सही है।**
- रिंग ऑफ फायर के अधिकांश भाग मेंजब दो टेक्टोनिक प्लेट्स एक 'प्रविष्ठन जोन' में मिलती हैं, तो एक झुकती है और दूसरे के नीचे की ओर खिसकती है एवं क्रस्ट के नीचे की सबसे गर्म परत के नीचे की ओर झुकती है।
- कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।

**अत: विकल्प A सही है।**




नोट :

44.

उत्तर: C

व्याख्या:

**वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT):**

- VVPAT मशीन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) की बैलेटिंग यूनिट/मतपत्र इकाई से जुड़ी होती है, और मतदाता की पसंद के साथ कागज़ की एक पर्ची प्रिंट करके मतदाता द्वारा डाले गए वोट का दृश्य सत्यापन प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मतदाता के विवरण के साथ कागज़ की पर्ची को काँच की खिड़की के पीछे सत्यापन के लिये संक्षेप में प्रदर्शित किया जाता है, जिससे मतदाता को नीचे एक डिब्बे में जाने से पहले 7 सेकंड का समय मिलता है।
- वर्ष 2013 में **चुनाव संहिता नियम, 1961** में संशोधन करके एक ड्रॉप बॉक्स वाले प्रिंटर को EVM से जोड़ने की अनुमति दी गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- **VVPAT** का उपयोग **पहली बार वर्ष 2013 में नगालैंड के नॉकसेन विधानसभा क्षेत्र** के सभी 21 मतदान केंद्रों में किया गया था, जिसके बाद ECI ने इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने का निर्णय लिया, जिसे **जून 2017** तक इसे **100% अपनाया गया**।

45.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **AUKUS गठबंधन,** जिसमें **ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका** शामिल हैं, जो एक **त्रिपक्षीय साझेदारी** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- AUKUS का उद्देश्य **बेहतर सहयोग के माध्यम से सुरक्षा और रक्षा हितों को मज़बूत** करना है।
- AUKUS में गहन **सूचना और प्रौद्योगिकी साझाकरण** के साथ-साथ सुरक्षा और रक्षा से संबंधित विज्ञान, प्रौद्योगिकी, औद्योगिक आधार तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं का एकीकरण शामिल होगा।
- इसका गठन वर्ष 2021 में **हिंद-प्रशांत क्षेत्र** में **चीन के प्रभाव** का मुकाबला करने के लिये किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- ***भारत इस समूह का सदस्य नहीं है***। हालाँकि, भारत और AUKUS ब्लॉक **उभरती प्रौद्योगिकियों** पर अनौपचारिक बातचीत में लगे हुए हैं, हालाँकि अभी तक कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

46.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **सिकाडा (Cicadas)** वे **कीट (insects)** हैं, जो ऑर्डर हेमिप्टेरा और सुपरफैमिली सिकाडोइडिया से संबंधित हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हेमिप्टेरान कीट, जिन्हें **ट्रू बग** भी कहा जाता है, अपने माउथपार्ट का उपयोग भोजन ग्रहण करने के लिये करते हैं तथा उनके दो युग्म पंख होते हैं।
- वे अपना अधिकांश जीवनकाल में **भूमिगत** रहते हैं और **मुख्य रूप से संभोग** के लिये **मृदा** से बाहर आते हैं। एक बार ज़मीन से बाहर निकलने के बाद, **उनका जीवनकाल दो से चार सप्ताह के बीच होता है, जोकि काफी अल्प अवधि है। अतः कथन 2 सही है।**
- **अधिकांश सिकाडा कैनोपी के आसपास रहते हैं और बड़े पेड़ों वाले प्राकृतिक जंगलों** में पाए जाते हैं। **अंटार्कटिक को छोड़कर ये हर महाद्वीप** में पाए जाते हैं।
- **सिकाडा विश्व में सर्वाधिक भारत और बांग्लादेश में,** उसके बाद **चीन** में पाए जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

47.

उत्तर: A

व्याख्या:

**चीन-भारत सीमा विवाद:**

- भारत के तत्कालीन सर्वेयर जनरल **सर डब्लू. एच. जॉनसन** ने डोगरा शासक को प्रभावित करने के लिये, डोगरा राज्य की सीमा को कुनलुन पर्वत तक और पूरे अक्साई चीन को शामिल करते हुए निर्धारित किया।
- इस सीमा को **अरदाघ-जॉनसन रेखा** के रूप में जाना जाता है, और बाद में यह अक्साई चीन पर भारत के दावे का आधार बनी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **मेकार्टनी-मैकडोनाल्ड रेखा** द्वारा अक्साई चीन के अधिकांश हिस्से को चीन के पक्ष में रखा गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ब्रिटिश भारत के राजनयिक और आर्थिक अधिकारों को सुरक्षित करने के लिये वर्ष 1903 में फ्राँसिस यंगहसबैंड के नेतृत्व में एक सैन्य अभियान ल्हासा भेजा गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

**धूमकेतु (Comets):**

- धूमकेतु सौर मंडल के निर्माण के दौरान धूल, चट्टान एवं बर्फ से निर्मित जमे हुए अवशेष हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इनकी चौड़ाई कुछ मील से लेकर अनेक मील तक होती है, लेकिन जैसे-जैसे ये सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, ये **गर्म होने के साथ गैसों और धूल के रूप में चमकदार** दिखते हैं जिसका आकार एक ग्रह से भी बड़ा हो सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- निकट-वृत्ताकार कक्षाओं वाले ग्रहों के विपरीत, इनकी कक्षाएँ अत्यधिक एलिप्टिकल होती हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

49.

उत्तर: A

व्याख्या:

**मौद्रिक नीति समिति (MPC):**

- RBI की MPC बेंचमार्क ब्याज दर तय करने के लिये ज़िम्मेदार है, जिसकी वर्ष में कम-से-कम चार बार, प्रत्येक तिमाही में एक बार बैठकें होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- RBI की **मौद्रिक नीति समिति (MPC) में छह सदस्य** हैं, जिनमें से तीन RBI (RBI गवर्नर सहित) से हैं और तीन केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त मौद्रिक नीति समिति के सदस्य चार वर्ष की अवधि के लिये पद पर रहेंगे। **मौद्रिक नीति समिति का अध्यक्ष RBI का गवर्नर होता** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

50.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ओवरसीज़ सिटिज़नशिप ऑफ इंडिया (OCI) योजना:**

- ओवरसीज़ सिटिज़नशिप ऑफ इंडिया (OCI) योजना अगस्त 2005 में नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन द्वारा हैदराबाद में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2006 के दौरान शुरू की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के एक पंजीकृत प्रवासी नागरिक को भारत आने के लिये **बहु प्रवेश, बहुउद्देश्यीय, जीवन भर वीजा प्रदान किया जाता है और उन्हें उपलब्ध सभी सुविधाओं** के संबंध में **अनिवासी भारतीयों** के साथ सामान्य समानता का हकदार है। **अत: कथन 2 सही है।**

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **कृत्रिम भित्तियाँ पुनर्चक्रित कंक्रीट और स्टील** से निर्मित संरचनाएँ हैं।
- ये मनुष्यों द्वारा **बायोरॉक तकनीक** के माध्यम से बनाई गई संरचनाएँ हैं, जो मीठे जल या खारे जल के वातावरण में **समुद्र तल स्थापित की गई हैं। अत: कथन 1 सही है।**
  - **बायोरॉक तकनीक** का आविष्कार **वुल्फ हिल्बट्र्ज़** ने किया था। इस तकनीक में स्टील संरचना के पास रखे गए **इलेक्ट्रोड** का उपयोग करके जल के माध्यम से कम विद्युत धारा प्रवाहित की जाती है।
- भारत ने समुद्री जीवन को बढ़ावा देने के लिये मुंबई के वर्ली कोलीवाड़ा के पास कृत्रिम भित्तियों की दूसरी स्थापना की है। पहली कृत्रिम चट्टान स्थापना पुदुचेरी में हुई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

52.

उत्तर: D

व्याख्या:

**रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (RERA):**

- **रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (RERA), 2016** में भारत सरकार द्वारा अधिनियमित एक महत्त्वपूर्ण कानून है। इसका प्राथमिक उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र को **विनियमित करना और रियल एस्टेट लेन-देन में** पारदर्शिता, जवाबदेही तथा **दक्षता** को बढ़ावा देना है।
- RERA का विस्तार **आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट** तक है। यह बिक्री में लगे निजी और सार्वजनिक दोनों निकायों पर लागू होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- किसी प्रोजेक्ट के लिये घर खरीदारों से एकत्र की गई **राशि का 70% RERA एस्क्रो खाते** में रखा जाना चाहिये और इसका उपयोग केवल उस परियोजना के निर्माण और भूमि की लागत के लिए किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष **2016 के RERA अधिनियम** के अनुसार, यदि किसी घर खरीदार को घर मिलने में **देरी का अनुभव** होता है या डेवलपर की वजह से देरी होती है, तो उन्हें **रिफंड या ब्याज का दावा करने का अधिकार** है या वे परियोजना से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**53.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सितवे बंदरगाह:**

- **विदेश मंत्रालय ( MEA ) ने इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड ( IPGL ) को** म्याँमार के कलादान नदी पर स्थित **संपूर्ण सितवे बंदरगाह** के संचालन को संभालने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।
- **चाबहार बंदरगाह** के बाद यह **भारत का दूसरा विदेशी** बंदरगाह होगा।
- म्याँमार के राखीन राज्य में स्थित सितवे बंदरगाह, कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्राँसपोर्ट प्रोजेक्ट का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह एक **गहरे जल वाला बंदरगाह** है, जो बाँग्लादेश को दरकिनार करते हुए **विज़ाग और कोलकाता से पूर्वोत्तर राज्यों** तक कार्गो के माध्यम से पहुँचने के लिये एक महत्त्वपूर्ण कनेक्टिविटी लाभ प्रदान करता है।
- इससे भूटान और बाँग्लादेश के बीच बने **सिलीगुड़ी कॉरिडोर ( या चिकन नेक )** पर निर्भरता भी कम हो जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जब अंतिम दोषसिद्धि के विरुद्ध समीक्षा याचिका खारिज़ होती है, उसके बाद उपचारात्मक याचिका एक कानूनी उपाय के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उपचारात्मक याचिकाओं** पर आमतौर पर **न्यायाधीशों** द्वारा चैंबर में निर्णय लिया जाता है, हालाँकि विशिष्ट अनुरोध पर **खुले न्यायालय** में सुनवाई की अनुमति दी जा सकती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उपचारात्मक याचिका का उद्देश्य न्याय के दुरुपयोग को रोकना और कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकना है।
- उपचारात्मक याचिकाओं को नियंत्रित करने वाले सिद्धांत **सर्वोच्च न्यायालय** द्वारा **रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा और अन्य 2002** के मामले में स्थापित किये गए थे। **अत: कथन 3 सही है।**

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों** को दृढ़ करने की भारत की पहल प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे को संबोधित करने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्त्व को रेखांकित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **विश्व मौसम विज्ञान संगठन ( WMO )** की एक रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि वर्ष 1970 और वर्ष 2019 के बीच प्राकृतिक आपदाएँ पाँच गुना से अधिक बढ़ गई हैं, जिसमें जल से संबंधित आपदाएँ विश्व स्तर पर सबसे अधिक प्रचलित हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं और कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या करता है।

नोट :